राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 19 अगस्त, 2021 मध्याह्न 12.00 बजे डा० एस०एन० उपाध्याय की अध्यक्षता में विडियो कान्फ्रेसिंग (गूगल मीट) के माध्यम से सम्पन्न हुई 14वीं बैठक का कार्यवृत्त।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा० एस०एन० उपाध्याय,<br>अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,<br>अम्बेडकर नगर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री आलोक कुमार, आई०ए०एस०,<br>सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ०प्र० शासन, लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो० विनीत कंसल,<br>का० कुलपति, डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम,<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | श्री मनोज कुमार,<br>निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>विकास नगर, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो० राजीव त्रिपाठी,<br>निदेशक, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 6. | प्रो० एम०एम० गोरे,<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी० विभाग,<br>मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 7. | प्रो० राम अवध मिश्र,<br>इलेक्ट्रानिक्स इंजी० विभाग,<br>मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 8. | प्रो० आर०एस० यादव,<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी० विभाग,<br>मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 9. | प्रो० आर० पी० पयासी,<br>इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग,<br>कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान, सुलतानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो० विशाल सिंह चंदेल,<br>अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,<br>अम्बेडकर नगर। | सदस्य |

11. डॉ० राजीव, — सदस्य
एसोसिएट प्रोफेसर, गणित विज्ञान विभाग, आइ०आई०टी०,
बी०एच०यू०, वाराणसी।
12. प्रो० संदीप तिवारी, — सदस्य–सचिव.
निदेशक,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर।

**अपरिहार्य कारणोंवश निम्नलिखित सदस्य बैठक में भाग नहीं ले सके।**

1. सचिव, — सदस्य
वित्त विभाग, उ०प्र० शासन,
लखनऊ।
2. श्री संजय कुमार तिवारी, — विशेष आमंत्री
अनुभाग अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. डॉ अभय करन्डीकर, — सदस्य
निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,
कानपुर।
4. श्री अरुण कृष्ण, — सदस्य
जनरल मैनेजर, एच०ए०एल० कोरवा,
अमेठी।

सर्वप्रथम सदस्य–सचिव द्वारा अध्यक्ष, एवं उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य–सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**14:01 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 05.01.2021 को सम्पन्न 13वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 05.01.2021 को सम्पन्न 13वीं बैठक का अनुमोदित कार्यवृत्त माननीय सदस्यों को प्रेषित किया गया। माननीय सदस्यों से कार्यवृत्त के अभिलेखन पर कोई टिप्पणी नहीं प्राप्त हुई। अनुमोदित कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया। प्रशासकीय परिषद द्वारा अवलोकन के उपरान्त उक्त कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण किया गया।

**14:02 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 05.01.2021 को सम्पन्न 13वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 05.01.2021 को सम्पन्न 13वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से परिषद अवगत हुई।

बिन्दु सं० 13:13 के क्रम में परिषद TEQIP-III से पुस्तकों के क्रय में अनियमितता हेतु गठित बाह्य समिति की जाँच आख्या से असंतुष्टता व्यक्त करते हुए निदेशक को उक्त प्रकरण की जॉच पुनः बाह्य विशषज्ञों की समिति का गठन करते हुए कराये जाने का निर्देश दिया एवं लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित कराने का भी निर्देश दिया।

**14:03 संस्थान की दिनांकः 09 मार्च, 2021 को सम्पन्न वित्त समिति की 12वीं बैठक के कार्यवृत्त का औपचारिक अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद संस्थान की दिनांकः 09 मार्च, 2021 को सम्पन्न वित्त समिति की 12वीं बैठक के कार्यवृत्त से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**14:04 संस्थान के केन्द्रीय क्रय समिति की सम्पन्न 11वीं से 17वीं बैठक के कार्यवृत्तों का औपचारिक अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद संस्थान के केन्द्रीय क्रय समिति की सम्पन्न 11वीं से 17वीं बैठक के कार्यवृत्तों से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**14:05 TEQIP-III द्वारा क्रय किये गये उपकरणों, साफ्टवेयर एवं सामानों की अद्यतन स्थिति की सूचना एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद TEQIP-III द्वारा क्रय किये गये उपकरणों, साफ्टवेयर एवं सामानों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**14:06 पं० दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (DDUQIP) की अद्यतन स्थिति की सूचना एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद पं० दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (DDUQIP) की अद्यतन स्थिति से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**14:07 वित्त समिति एवं प्रशासनिक समिति में सदस्यों के नामांकन की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद वित्त समिति एवं प्रशासनिक समिति में सदस्यों के नामांकन से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**14:08 निदेशक पद के चयन के लिए चयन समिति की अध्यक्षता हेतु श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, माननीय मंत्री, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, वस्त्र उद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, निर्यात प्रोत्साहन, एन०आर०आई० तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग, उ०प्र० शासन, लखनऊ को प्रशासकीय परिषद का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण से अवगत हुई ।

**14:09 निदेशक पद के चयन हेतु गठित चयन समिति के गठन की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद निदेशक पद के चयन हेतु गठित चयन समिति के गठन की सूचना से अवगत हुई।

Sandeep

**14:10 संस्थान में निदेशक पद पर की गयी नियुक्ति की सूचना व औपचारिक अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद संस्थान में निदेशक पद पर की गयी नियुक्ति की सूचना से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**14:11 अतिथि व्याख्याताओं/संविदा के आधार पर सेवानिवृत्त शिक्षकों के चयन हेतु विषय विशेषज्ञों के नामांकन की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद विशेषज्ञों के नामांकन की सूचना से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**14:12 रिट याचिका संख्या 7166 ऑफ 2021 की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद रिट याचिका संख्या 7166 ऑफ 2021 की सूचना से अवगत हुई।

**14:13 रिट याचिका संख्या 7166 ऑफ 2021 हेतु अधिवक्ता आबद्ध किये जाने के सम्बन्ध में।**

प्रशासकीय परिषद संस्थान के निदेशक की नियुक्त के विरूद्ध डा० अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, लखनऊ बेंच में योजित रिट याचिका संख्या 7166 आफ 2021, से अवगत हुई एवं याचिका की प्रभावी पैरवी हेतु श्री शुभम त्रिपाठी, अधिवक्ता मा० उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच को आबद्ध किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया।

**14:14 संस्थान के शैक्षिक पदों हेतु रोस्टर के निर्धारण के सम्बन्ध में।**

प्रशासकीय परिषद संस्थान के शैक्षिक पदों हेतु रोस्टर के निर्धारण से अवगत हुई।

**14:15 संस्थान के रिक्त शैक्षिक पदों पर नियुक्ति हेतु केन्द्रीयकृत रूप से चयन प्रक्रिया समन्वयित/संचालित करने के लिए सम्बद्धक विश्वविद्यालय (ए०के०टी०यू०) को अधिकृत करने के सम्बन्ध में।**

प्रशासकीय परिषद ने संस्थान के रिक्त शैक्षिक पदों पर नियुक्ति हेतु केन्द्रीयकृत रूप से चयन प्रक्रिया समन्वयित/संचालित करने के लिए सम्बद्धक विश्वविद्यालय (ए०के०टी०यू०) को अधिकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया।

Sandeep

**14:16 संस्थान के तकनीकी, तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के कार्य को बाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कराये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि संस्थान में तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के सृजित पदों के सापेक्ष ही सेवा प्रदाता के माध्यम से आउट सोर्सिंग से निम्नांकित कार्मिक रखे जायें। पदों हेतु नियत अर्हताओं के अनुसार ही आउट सोर्सिंग से कार्मिक लिये जाय। बाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्मिकों को रखे जाने के सम्बन्ध में वित्त एवं कार्मिक विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशो में उल्लिखित नियमों एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन संस्थान स्तर से सुनिश्चित किया जाय:–

कार्मिकों का विवरण निम्नवत है:–

| क्र०सं० | सृजित पद | भरे जाने वाले पदों की सं० | पदों के प्रकार | दर | धनराशि रू० |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जूनियर कम्प्यूटर प्रोग्रामर & नेटवर्क इंजीनियर | 01 | अतिकुशल | 25,000.00 | 25,000.00 |
| 02 | अनुदेशक (कार्यशाला / बिभाग) | 04 | अतिकुशल | 25,000.00 | 1,00,000.00 |
| 03 | अवर अभियंता (सिविल / इलेक्ट्रिकल) | 02 | अतिकुशल | 25,000.00 | 50,000.00 |
| 04 | प्रधान सहायक | 01 | अतिकुशल | 25,000.00 | 25,000.00 |
| 05 | सहायक लाइब्रेरियन | 01 | अतिकुशल | 25,000.00 | 25,000.00 |
| 06 | वरिष्ठ लिपिक | 01 | अतिकुशल | 25,000.00 | 25,000.00 |
| 07 | सहायक लेखाकार | 01 | कुशल | 17,089.00 | 17,089.00 |
| 08 | कैटलागर | 01 | कुशल | 17,089.00 | 17,089.00 |
| 09 | प्रयोगशाला सहायक | 21 | कुशल | 17,089.00 | 3,58,869.00 |
| 10 | इलेक्ट्रिशियन | 02 | कुशल | 17,089.00 | 34,178.00 |
| 11 | रूटीन ग्रेड लिपिक / टाईपिस्ट | 03 | कुशल | 17,089.00 | 51,267.00 |
| 12 | ड्राइवर | 02 | कुशल | 17,089.00 | 34,178.00 |
| 13 | प्लम्बर | 01 | कुशल | 17,089.00 | 17,089.00 |
| 14 | कारपेन्टर | 01 | कुशल | 17,089.00 | 17,089.00 |
| 15 | सुरक्षाकर्मी (सुपरवाइजर) | 02 | कुशल | 17,089.00 | 34,178.00 |
| 16 | स्टोर कीपर | 01 | अर्द्धकुशल | 14,183.00 | 14,183.00 |
| 17 | सुरक्षाकर्मी (गनमैन) | 06 | अर्द्धकुशल | 14,183.00 | 85,098.00 |
| 18 | चपरासी | 06 | अकुशल | 12,439.00 | 74,634.00 |
| 19 | बुक लिफ्टर | 01 | अकुशल | 12,439.00 | 12,439.00 |
| 20 | छात्रावास अनुचर | 02 | अकुशल | 12,439.00 | 24,878.00 |
| 21 | मेसन | 01 | अकुशल | 12,439.00 | 12,439.00 |
| 22 | माली | 04 | अकुशल | 12,439.00 | 49,756.00 |
| 23 | स्वीपर | 14 | अकुशल | 12,439.00 | 1,74,146.00 |
| 24 | सुरक्षाकर्मी | 12 | अकुशल | 12,439.00 | 1,49,268.00 |
| **योग** | | 91 | | | **14,27,867.00** |
| Service Charges @ 4% (As applicable from time to time) | | | | | 57,114.68 |
| योग | | | | | 14,84,981.68 |
| GST @ 18% (As applicable from time to time) | | | | | 2,67,296.70 |
| कुल योग धनराशि रू० | | | | | **17,52,278.38** |

Sandeep

**14:17 संस्थान में अतिथि व्याख्याताओं के स्थान पर Contractual शिक्षकों को रखे जाने के सम्बन्ध में।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा यह मत स्थिर किया गया कि संस्थान कुलपति ए0के0टी0यू0 के मार्ग निर्देशन में अन्य संस्थाओं से अपेक्षित सहयोग लेते हुए संविदा पर शिक्षकों की भर्ती हेतु आवश्यक मार्गदर्शक सिद्धान्त नियत करे जिसके आधार पर सभी संस्थाओं में संविदा पर शिक्षकों की भर्ती का मार्ग प्रशस्त हो सके और सभी राजकीय संस्थाओं में संविदा प्रशिक्षकों की भर्ती में एकरूपता बनी रहे और एन0बी0ए0 हेतु आवश्यक एस0एफ0आर0 पूर्ण हो सके। 11 माह की संविदा अवधि के बाद इनके वार्षिक परफारमेंस/गुणवत्ता के परीक्षणोंपरान्त इन्हें कान्टीन्यू करने पर निर्णय लिया जाय। साथ ही नियमित शैक्षिक पदो के सृजन हेतु अपेक्षित अग्रतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

**14:18 संस्थान के नियमित निदेशक के मूल वेतन निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

वित्त विभाग के प्रतिनिधि के प्रतिभाग न करने के कारण परिषद द्वारा इस मद को आगामी बैठक में निर्णयार्थ प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये तथा वेतन संरक्षण के सम्बन्ध में संगत शासनादेशो के आलोक में औचित्य एवं आधार सहित प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

**14:19 संस्थान की क्रय समिति में राज्य सरकार द्वारा सदस्य के नामांकन की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।**

संस्थान की क्रय समिति में राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य के नामांकन की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई।

**14:20 श्री प्रिन्स राजपूत के अध्ययन अवकाश समाप्ति के पश्चात संस्थान में कार्यभार ग्रहण करने की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद श्री प्रिन्स राजपूत, सहायक आचार्य सूचना प्रौद्योगिकी विभाग रा0इ0का0, अम्बेडकर नगर के अध्ययन अवकाश की समाप्ति के पश्चात संस्थान में दिनांक 14.07.2021 को कार्यभार ग्रहण करने की सूचना से अवगत हुई।

**14:21 संस्थान के नियमित शिक्षकों के कॅरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के तहत प्रोन्नति के सम्बन्ध में।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि ए0आई0सी0टी0ई0 की अधिसूचना दिनांक 01.03.2019 में उल्लिखित प्राविधानों एवं नियमों तथा विहित प्रक्रियों के आलोक में चयन समिति का गठन करते हुए संस्थान के शिक्षकों को कॅरियर एडवांसमेन्ट स्कीम की सुविधा अनुमन्य कराये जाने पर विचार किया जाय तथा चयन समिति की संस्तुति सहित प्रस्ताव परिषद की आगामी बैठक में निर्णयार्थ /अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाय।

Sandeep

**14:22 डा० सूर्य प्रकाश सिंह, सह आचार्य, डा० मो० असलम हुसैन, सहायक आचार्य एवं डा० युधिष्ठिर पांडेय, सहायक आचार्य, द्वारा संस्थान में की गई तथा कथित वित्तीय अनियमिताओं की जाँच के सम्बन्ध में।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा TEQIPIII योजना में किये गये कतिपय भुगतान में हुई अनियमितता की जांच हेतु संस्थान के निदेशक स्तर से बाह्रय समिति के गठन पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान करते हुए नव गठित बाह्रय समिति की जांच रिपोर्ट परिषद की आगामी बैठक में निर्णयार्थ प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

**14:23 डा० सुशांत चतुर्वेदी द्वारा की गई अनुशासनहीनता के सम्बंध में ।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि कथित अनुशासनहीनता हेतु सम्बन्धित षिक्षक के विरूद्ध अनुशासनिक /विभागीय कार्यवाही के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा लागू की गई प्रक्रियाओं एवं प्राविधानों का अनुपालन करते हुए प्रकरण को संगत तथ्यों एवं अभिलेखों सहित परिषद की आगामी बैठक में निर्णयार्थ प्रस्तुत किया जाय तथा निर्णय के पूर्व अपचारी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर भी प्रदान किया जाय।

**14:24 MietY प्रोजेक्ट में उपकरणों के क्रय एवं प्रशिक्षण में हुई अनियमितता के सम्बन्ध में।**

दोशी कार्मिकों को दण्ड अधिरोपित करने के पूर्व इस हेतु राज्य सरकार द्वारा अनुशासन एवं अपील नियमावली में विहित प्रक्रियाओं एवं प्राविधानों का संस्थान स्तर से अनुपालन सुनिष्चित किया जाय तथा दोशी कार्मिकों को सुनवाई का सम्यक अवसर–प्रदान किया जाय। उक्तानुसार कार्यवाही के उपरान्त प्रकरण को परिशद की आगामी बैठक में निर्णयार्थ प्रस्तुत किया जाय।

**14:25 अन्य, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**
**डा० युधिष्ठिर पांडेय सहायक आचार्य विद्युत अभियांत्रिकी अनुपस्थित रहने पर भी उपस्थिति पंजिका पर दिनांक 31/05/2021 को अवैध रूप से हस्ताक्षर करने के सम्बन्ध में**

प्रशासकीय परिषद प्रकरण से पूर्णतः अवगत हुई एवं अनुशासनहीनता माना परन्तु डा० युधिष्ठिर पांडेय की सर्विस ब्रेक न करते हुए उनको उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 में निहित लघु दंड देने के प्राविधानों के तहत दण्डित करने का निर्देश निदेशक को दिया ।

Sandeep

इसके अतिरिक्त कोई भी अन्य प्रस्ताव न होने के कारण अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को सदस्य–सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

**(प्रो० संदीप तिवारी)**
सदस्य–सचिव
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर।

Rajkiya Engineering College * Ambedkar Nagar (U.P.) 224122 * Director

**(श्री आलोक कुमार, आई०ए०एस०)**
सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन,
लखनऊ।
एवं
उपाध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर।

प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज
अम्बेडकर नगर

**(डा० एस०एन० उपाध्याय)**
अध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर।

**(अध्यक्ष)**
**प्रशासकीय परिषद**
**राजकीय इंजीनियरिंग कालेज**
**अम्बेडकरनगर**